भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3838
दिनांक 25 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

यौन उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स (शी- बॉक्स) पोर्टल

3838. **श्री प्रकाश चिक बाराईकः**

क्या **महिला एवं बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अब तक यौन उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स (शी-बॉक्स) पोर्टल पर शामिल किए गए केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और निकायों की कुल संख्या कितनी-कितनी है;
(ख) पोर्टल पर शामिल किए गए उन मंत्रालयों/विभागों की संख्या कितनी है जिन्होंने अपनी आंतरिक शिकायत समिति के विवरण अद्यतन किया हैं; और
(ग) केंद्र सरकार के अंतर्गत कार्यरत कौन-कौन से मंत्रालय और विभाग अभी तक पोर्टल पर शामिल नहीं किए गए हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ग): महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा डिजिटल संचालन पहल के रूप में 29 अगस्त, 2024 को शुरू किए गए यौन उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक बॉक्स (एसएचई-बॉक्स) पोर्टल (https://shebox.wcd.gov.in/) पर सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में 10 से अधिक कर्मचारियों वाले 159,000 से अधिक कार्यस्थलों को शामिल किया गया है।

20.03.2026 तक, केंद्र सरकार के 4,152 कार्यस्थलों को पोर्टल पर में शामिल किया जा चुका है, जिनमें केंद्रीय मंत्रालय/विभाग, उनके सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालय, स्वायत्त निकाय और अन्य केंद्रीय स्वतंत्र निकाय शामिल हैं। इनमें से 2,201

आंतरिक समितियों (आईसी) का विवरण अद्यतन कर दिया गया है। मंत्रालय केंद्र के साथ-साथ राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के शेष मंत्रालयों/विभागों और सरकारी कार्यालयों को जोड़ने और उनकी आंतरिक समितियों को पोर्टल पर अपडेट करने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रहा है।

*****